INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201007

NEWSPAPER : DAINIK YUG KARVAT
DATED : 21 OCT. 2011
PAGE NO : 02

आईटीएस में पुरस्कार वितरण समारोह हुआ











साहिबाबाद। आईटीएस मोहननगर गाजियाबाद द्वारा अपने बीबीए तथा बीसीए पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् सर्वोत्तीर्ण तथा विश्वविद्यालय परीक्षा में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए 20 अक्टूबर 11 को एक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। पुरस्कार मुख्यतः तीन श्रेणियों में वितरित किये गये जिनमें सर्वोत्तीर्ण छात्रों को छात्रवृत्ति, विश्वविद्यालय परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन तथा हरफनमौला पुरस्कार सम्मिलित थे। समारोह का शुभारम्भ वाइस चेयरमैन, आईटीएस ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूशन्स अर्पित चड्ढा, जनरल एके पुरी तथा प्रिंसिपल श्रीमती सुजाता खण्डेई द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जलित करके किया गया। पुरस्कार वितरण का उद्देश्य योग्य छात्रों को अग्रिम प्रदर्शन के लिए उत्साहित करना तथा अन्य दूसरे छात्रों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना था। कुल 76 सर्वोत्तीर्ण छात्र, छात्रवृत्ति द्वारा पुरस्कृत किये गये, तथा लगभग 140 छात्र विश्वविद्यालय परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किये गये। बीबीए तथा बीसीए प्रत्येक पाठ्यक्रम से एक-एक छात्र को पाठ्यक्रम के साथ-साथ पाठ्यक्रमेतर गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए आकाश बीसीए तथा प्रतीत बुद्ध बीबीए को हरफनमौला पुरस्कार से नवाजा गया। अर्पित चड्ढा ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। डायरेक्टर जनरल एके पुरी ने भी छात्रों को बधाई दी तथा उन्हें सदैव आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर यूजी कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती सुजाता खण्डेई ने छात्रों को अपनी यथा स्थिति से आगे बढ़ने का उपदेश दिया।

INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201007

NEWSPAPER : RASTRIYA AAINA
DATED : 21 OCT. 2011
PAGE NO : 06

आई.टी.एस. ने सर्वोत्तीर्ण तथा गुणवान स्नातक छात्रों को पुरस्कार वितरित किये

गाजियाबाद, 21 अक्टूबर। आई0टी0एस0 मोहन नगरने अपने बी0बी0ए0 तथा बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् सर्वोत्तीर्ण तथा विश्व. विद्यालय परीक्षा में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। पुरस्कार मुख्यतः तीन श्रेणियों में वितरित किये गये जिनमें सर्वोत्तीर्ण छात्रों को छात्रवृति, विश्वविद्यालय परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन तथा हरफनमौला पुरस्कार सम्मिलित थे। समारोह का शुभारम्भ वाइस चेयरमैन आई0टी0एस0 ग्रुप ऑफ इन्स्ट्टीयूशन्स अर्पित चड्ढा, डारेक्टर जनरल ए0के0 पुरी तथा प्रिंसिपल सुजाता खण्डेई ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया।

पुरस्कार वितरण का उद्देश्य योग्य छात्रों को अग्रिम प्रदर्शन के लिए उत्साहित करना तथा अन्य दूसरें छात्रों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रे. रित करना था। कार्यक्रम में कुल 76 सर्वोत्तीर्ण छात्र, छात्रवृति द्वारा पुरस्कृत किये गये, तथा लगभग 140 छात्र विश्वविद्यालय परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार से पुरस्कृत किये गये।

बी0बी0ए0 से छात्र प्रतीत वुठु तथा बी0सी0ए0 से छात्र आकाश कुमार को ऑलराउन्डर पुरस्कार दिया गया। अर्पित चड्ढा ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। डारेक्टर जनरल ए0के0पुरी ने भी छात्रों को बधाई दी तथा उन्हें सदैव आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर यू0जी0 कैम्पस की प्रधानाचार्या सुजाता खण्डेई ने छात्रों को अपने यथा स्थिति से आगे बढ़ने का उपदेश दिया।

Copy To : D.G. Sir,........................
....
Director IT.....................................
Director Mgmt...............................
Principal UG Campus.......................
Registrar Office...............................
Secretary Office..............................
Librarian....................................